>**Title:** Demand to restore the electric connection at the residence of Late Shri Gyani Jail Singh's widow, Ex-President of India.

श्री राशिद अलवी (अमरोहा) :अध्यक्ष महोदय, मैं बड़े दुख के साथ इस मसले को उठा रहा हूं। होम मिनिस्टर यहां बैठे हैं जो कि बेहतर बात है। हम सब के लिए प्रेजिडैंट ऑफ इंडिया बहुत ज्यादा आदरणीय होता है लेकिन फॉर्मर प्रेजिडैंट और वह भी तब जब उनकी डैथ हो जाए तो उनकी फैमिली को जो फैसलिटीज दी जाती हैं, वे अगर पूरे तरीके से न दी जाएं तो दुख की बात हो जाती है। ज्ञानी जैल सिंह हिन्दुस्तान के बहुत आदरणीय प्रेजीडैंट रहे हैं। पहली दिसम्बर को उनकी विधवा के घर की बिजली काट दी गई। उनके घर के लोग एन.डी.एम.सी. के इंजीनियर और अधिकारियों से फोन पर बात करते-करते थक गए। अधिकारी फोन पर अवेलेबल नहीं थे। आज 18 तारीख हो गई है। 18 दिन से चार सर्कुलर रोड पर कोई बिजली नहीं है। उनके घर अंधेरा है। वे परेशान हैं। उन्होंने प्राइम मिनिस्टर साहब को दरख्वास्त दी कि हमारी बिजली को कनैक्ट किया जाए। जो सरकारी मुलाजमिन को फैसिलिटीज दी जाती हैं, उतनी फैसिलिटीज प्रेजीडैंट की विधवा को जरूर दी जानी चाहिए। इस मामले की एक कापी होम मिनिस्टर साहब को भेजी जा चुकी है। उसकी एक कापी मेरे पास है जिसे अभी दे दूंगा। इसमें जो कुछ हो सकता है वह करना चाहिए।

गृह मंत्री (श्री लाल कृण आडवाणी) :अध्यक्ष महोदय, मुझे इसकी जानकारी नहीं है। अभी आपने कहा है। मैं इसकी जरूर जांच करवा दूंगा।